RNI NO. RAJHIN/2013/50649

pktimesnews.com | PK Times News | thepktimesofficial | pk_timesofficial

PK टाइम्स

# दैनिक लोक टुडे

www.loktodaynews.com

‘अशांत मन को नियंत्रित करना आवश्यक है, अन्यथा यह शत्रु की तरह व्यवहार करता है।’

-श्रीमद्भगवद्गीता

वर्ष - 12 | अंक - 258 | मूल्य - 1 रुपए | राजस्थान | गुरुवार, 26 मार्च, 2026

**फर्जीवाड़ा** RMC का पूर्व रजिस्ट्रार गिरफ्तार - एसओजी ने 15 MBBS कैंडिडेट और दलाल को पकड़ा, अब तक 18 गिरफ्तारियां

# फर्जी FMG सर्टिफिकेट बनाकर 93 को बनाया डॉक्टर

**लोक टुडे I जयपुर**

राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने बुधवार को एक बड़ी श्कार्रवाई करते हुए राजस्थान मेडिकल काउंसिल के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ.राजेश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। एसओजी ने डॉ. राजेश शर्मा समेत 18 लोगों को फर्जी FMG सर्टिफिकेट मामले में गिरफ्तारी किया है। आरोप है कि मिलीभगत करते हुए फर्जी सर्टिफिकेट और रजिस्ट्रेशन कराए गए। एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने प्रारंभिक जानकारी देते हुए बताया- डीआईजी पारिस देशमुख के नेतृत्व में पूरे राजस्थान में दबिश दी गई। इस मामले में तत्कालीन आरएमसी डॉ. राजेश शर्मा सहित 18 गिरफ्तारियां हुई हैं।



**वेरिफिकेशन नहीं, जाली ई-मेल अटैच कर रजिस्ट्रेशन**

फर्जी डॉक्टरों ने ऑनलाइन आवेदन करते समय अलग-अलग राज्यों की काउंसिल में रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और एनओसी में काट-छांट कर फर्जी कॉपी अटैच की थी। आरएमसी ने जांच किए बिना ही वेरिफिकेशन का जाली ई-मेल तैयार कर इसे फाइल में अटैच कर दिया था।

## गिरफ्तारी में 15 कैंडिडेट शामिल

विशाल बंसल ने बताया- 18 गिरफ्तारियों में 15 कैंडिडेट शामिल हैं, जो विदेश से एमबीबीएस करने के बाद भी FMG एग्जाम पास नहीं कर सके थे। SOG के डीआईजी परिस देशमुख और एसपी कुंदन कांवरिया के निर्देशन में जयपुर सहित प्रदेश के 9 जिलों में 22 टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि ये कैंडिडेट फर्जी सर्टिफिकेट बनवाकर राजस्थान मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन कराने और इंटर्नशिप के लिए नामांकन कराने की कोशिश कर रहे थे। कार्रवाई में तत्कालीन मेडिकल काउंसिल से जुड़े रजिस्टर्ड डॉक्टर राजेश शर्मा, उनके सहयोगी (तत्कालीन नोडल अधिकारी) और एक दलाल को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि इनकी मिलीभगत से फर्जी दस्तावेज तैयार कर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को प्रभावित किया जा रहा था।

## 93 संदिग्धों की पहचान की गई

एडीजी विशाल बंसल ने बताया- जांच के दौरान अब तक 93 ऐसे लोगों की पहचान की गई है, जिन्होंने फर्जी FMG सर्टिफिकेट के आधार पर मेडिकल रजिस्ट्रेशन हासिल करने या करवाने का प्रयास किया। SOG के अनुसार, इस पूरे मामले की शुरूआत तीन MBBS डॉक्टरों की गिरफ्तारी से हुई थी। इसके बाद 2 अन्य आरोपियों को पकड़ा गया, जो विदेश से MBBS कर लौटे थे और इस फजीर्वाड़े के पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहे थे। इनकी गिरफ्तारी और पूछताछ के साथ-साथ विभिन्न स्त्रोतों से जुटाए गए डेटा के आधार पर बड़ा खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि आरोपियों द्वारा फर्जी FMG सर्टिफिकेट तैयार कर राजस्थान मेडिकल काउंसिल में बिना किसी वैध सत्यापन के प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी करवा लिए गए।

# औद्योगिक विकास को मिलेगी नई गति निवेश के लिए बेहतर बनेगा ईको-सिस्टम

**लोक टुडे I जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिली है। राज्य सरकार द्वारा 34 से अधिक नीतियां लागू की गई हैं, जिससे प्रदेश में निवेश के लिए बेहतर ईको-सिस्टम बन रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, अनुमोदन प्रक्रिया का सरलीकरण जैसे विभिन्न निर्णयों से प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य बदला है। इसी क्रम में सरकार द्वारा राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति-2026 लाई गई है, जिससे विश्व स्तरीय औद्योगिक पार्कों का विकास होगा तथा राजस्थान देश-विदेश में विश्वसनीय एवं फ्यूचर रैडी इंडस्ट्रियल डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित होगा। औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राइजिंग, रिलायबल एण्ड रिसेप्टिव राजस्थान के दृष्टिकोण के अनुरूप प्रदेश में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास है। साथ ही, ये नीति मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी पूरा करने में मददगार साबित होगी। इस नीति के तहत विश्वस्तरीय औद्योगिक पार्कों का विकास, भूमि-जल-ऊर्जा संसाधनों का वैज्ञानिक एवं सतत उपयोग तथा लॉजिस्टिक्स सुविधाएं को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।इससे निवेश को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन तथा सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास भी सुनिश्चित होगा।

**चार मॉडल से होगा औद्योगिक पार्कों का विकास**

इस नीति के अंतर्गत निजी क्षेत्रों में औद्योगिक पार्कों को चार विकास मॉडलों पर विकसित किया जाएगा। मॉडल-ए में रीको द्वारा आवंटित भूमि पर पूरी तरह निजी डवलपर द्वारा विकास किया जाएगा। वहीं, मॉडल-बी के अंतर्गत औद्योगिक पार्क के लिए 80 प्रतिशत भूमि विकासकर्ता द्वारा एवं शेष 20 प्रतिशत भूमि रीको द्वारा निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। इसी तरह, मॉडल-सी के तहत पार्क के लिए संपूर्ण भूमि की विकासकर्ता द्वारा व्यवस्था की जाएगी तथा मॉडल-डी पीपीपी मॉडल पर आधारित होगा। नीति के तहत निजी क्षेत्र में औद्योगिक पार्कों के लिए कम से कम 50 एकड़ क्षेत्रफल तथा न्यूनतम 10 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना अनिवार्य होगी।

**हरित विकास को बढ़ावा**

औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति के तहत हरित विकास को बढ़ावा देने के साथ ही औद्योगिक प्रदूषण को भी कम किया जाएगा। इसके लिए सीईटीपी पर व्यय का 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति (अधिकतम 12.5 करोड़ रुपये प्रति पार्क) का प्रावधान किया गया है। इस नीति के तहत प्रथम 10 औद्योगिक पार्क डवलपर्स को सामान्य अवसंरचना विकास पर 20 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान दिया जाएगा। इसकी अधिकतम सीमा 100 एकड़ क्षेत्रफल तक 20 करोड़ रुपये, 100 से 250 एकड़ क्षेत्रफल पर 30 करोड़ तथा 250 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल के लिए 40 करोड़ रुपये होगी।

**बुनियादी ढांचे का होगा सुदृढ़ीकरण**

राज्य सरकार औद्योगिक बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस नीति में भी अवसंरचना के प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा औद्योगिक पार्क तक जल एवं विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, औद्योगिक पार्क के निकटतम सड़क एवं सम्पर्क मार्ग का निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए 60 प्रतिशत राज्य सरकार एवं 40 प्रतिशत व्यय विकासकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा तथा इसमें राज्य सरकार का अधिकतम अंशदान 3 करोड़ रुपये तक होगा।

# सीएम भजनलाल की पीएम से एक महीने में दूसरी मुलाकात

### वैश्विक घटनाओं के बीच मुलाकात अहम, राजस्थान के मुद्दों पर भी चर्चा

**लोक टुडे I जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वैश्विक घटनाओं के बीच सीएम भजनलाल की पीएम मोदी से हुई इस मुलाकात को अहम माना जा रहा हैं। पीएम मोदी ने सोमवार और मंगलवार को संसद में इजराइल-अमेरिका और ईरान युद्ध के चलते ऊर्जा संकट पर चिंता जताते हुए राज्यों से सहयोग की अपील की थी। ऐसे में माना जा रहा है कि मुलाकात में सीएम भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में वैश्विक घटनाओं के असर और उससे निपटने की राज्य सरकार की योजना की जानकारी पीएम मोदी को दी हैं। सीएम भजनलाल की पीएम मोदी से एक महीने में यह दूसरी मुलाकात हैं। इससे पहले 28 फरवरी को पीएम मोदी अजमेर दौरे पर आए थे। उस समय सीएम की पीएम से मुलाकात हुई थी।



**राजस्थान के मुद्दों पर भी चर्चा संभव :** दोनों नेताओं की मुलाकात में राजस्थान के मुद्दों पर भी चर्चा संभव हैं। प्रदेश में लंबे समय से मंत्रिमण्डल विस्तार, राजनीतिक नियुक्तियां लंबित हैं। वहीं हाल के दिनों में प्रदेश में पंचायत चुनाव और निकाय चुनाव की सुगबुगाहट भी चल रही हैं। सरकार प्रदेश में वन स्टेट वन इलेक्शन का फॉमूर्ला लागू करना चाहती हैं लेकिन हाईकोर्ट की 15 अप्रेल तक चुनाव की डेट लाइन तय कर रखी हैं। इसकी पालना नहीं होने पर सरकार को अवमानना की कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता हैं। ऐसे में इन तमाम मुद्दों पर सीएम भजनलाल शर्मा का पीएम मोदी से मार्गदर्शन लेना बताया जा रहा हैं।

# नए पश्चिमी विक्षोभ से बारिश की संभावना

**लोक टुडे I जयपुर**

राज्य में आगामी 2-3 दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि 26-27 मार्च को सीमावर्ती व शेखावाटी क्षेत्र में कहीं-कहीं मेघगर्जन व हल्की बारिश होने की संभावना है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ 28-30 मार्च को राज्य के कुछ भागों में सक्रिय होने तथा मेघगर्जन के साथ तेज आंधी-बारिश होने की संभावना है। 28 मार्च को पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग व शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में आंधी-बारिश होने की संभावना है। 29-30 मार्च को विक्षोभ का सर्वाधिक प्रभाव होने तथा जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा संभाग के कुछ भागों में तेज मेघगर्जन, आंधी (40-50Kmph) व कहीं-कहीं हल्की-मध्यम बारिश होने की संभावना है।

# मां-बेटी पर एसिड फेंकने वाले को उम्रकैद

### बच्ची की एक आंख की रोशनी चली गई, जज बोलीं- तेजाब का हमला सपनों को भी जलाता है

**लोक टुडे I अजमेर**

अजमेर की महिला उत्पीड़न कोर्ट ने चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन पर एक साल पहले मां-बेटी पर तेजाब से हमला करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। तेजाब के हमले से 12 साल की बच्ची की एक आंख की रोशनी चली गई और दूसरी आंख से कम दिखाई देता है। कोर्ट ने आरोपी पर 2 लाख का जुमार्ना भी लगाया है। जज उत्तमा माथुर ने टिप्पणी करते हुए कहा- तेजाब का हमला शरीर को ही नहीं जलाता, पीड़ित के भविष्य, सपनों और परिवार को भी जला देता है। सरकारी एडवोकेट नरेश कुमार धूत ने बताया- मध्य प्रदेश की रहने वाली एक महिला अपनी 12 साल की बेटी और परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर आई थी। 25 अप्रैल 2025 को अजमेर से चित्तौड़गढ़ पहुंचकर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 पर सभी रुके हुए थे। 26 अप्रैल की सुबह मां-बेटी टॉयलेट के लिए प्लेटफार्म नंबर-एक से आगे लगभग 200 मीटर दूर पटरी के पास झाड़ियों में गई थी। सरकारी वकील ने बताया- इसी दौरान आरोपी मोहम्मद इस्माइल वहां पहुंचा। आरोपी को अपनी ओर बढ़ता देखकर बच्ची ने उसे रोका। तभी आरोपी ने बोतल में रखा तेजाब निकालकर नाबालिग के चेहरे पर फेंक दिया। बच्ची की मां पकड़ने के लिए भागी तो उस पर भी तेजाब फेंककर बस स्टैंड की ओर भाग गया। दोनों मां-बेटी को चित्तौड़गढ़ के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। मामले में जीआरपी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। सीसीटीवी चेक करते हुए आरोपी की पहचान कर पुलिस ने मध्य प्रदेश के इंदौर के रहने वाले आरोपी मोहम्मद इस्माइल को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस की ओर से कोर्ट में चालान पेश किया गया था। इसके बाद कोर्ट में ट्रायल शुरू हुई थी।

**आरोपी को आजीवन कारावास की हुई सजा** सरकारी वकील नरेश कुमार ने बताया- अजमेर की महिला उत्पीड़न कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से 17 गवाह और 57 दस्तावेज पेश किए गए थे। इस पर जज उत्तमा माथुर ने आरोपी मोहम्मद इस्माइल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। आरोपी पर 2 लाख का जुमार्ना भी लगाया है। इसके साथ कोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौड़गढ़ को पीड़ित पक्ष को एक-एक लाख रुपए आर्थिक सहायता देने की अनुशंसा की।

**सुप्रीम कोर्ट के केस का दिया हवाला :** जज उत्तमा माथुर ने सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के एक केस का हवाला दिया।

रास्ते में सवारी ली तो कार्रवाई, दूसरे राज्यों में रजिस्ट्रेशन बंद, ऑपरेटर्स बोले- यहां भारी टैक्स

# हजारों प्राइवेट बसों-टैक्सी पर संकट; ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट की शर्तों में बदलाव की तैयारी

**लोक टुडे। जयपुर**

सड़क परिवहन मंत्रालय 1 अप्रैल से ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट की शर्तों में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। इसका सीधा असर उन बसों और वाहनों पर होगा, जो एक राज्य में रजिस्ट्रेशन करवाकर दूसरे राज्यों में ऑपरेट हो रहे हैं। इनमें राजस्थान में ऑपरेट होने वालीं 8 हजार से ज्यादा प्राइवेट बसें भी हैं। नए नियमों में टोल बचाने वालों, पेंडिंग चालान, यात्रियों की लिस्ट साथ नहीं रखने वालों, बीच रास्ते में सवारी बैठाने वालों पर भी एक्शन होगा। वहीं, ऑपरेटर्स का कहना है कि राजस्थान जैसे राज्यों में अरूणाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों की तुलना में टैक्स कई गुना ज्यादा है। इसलिए गाड़ियां वहां रजिस्टर्ड करवाते हैं।



**प्राइवेट बस ऑपरेटर्स की परेशानी बढ़ेगी :** नए नियम के तहत ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट अब उसी राज्य से जारी होगा, जहां वाहन रजिस्टर्ड है। साथ ही यह भी जरूरी होगा कि वाहन ऑपरेटर का कारोबार या घर भी उसी राज्य में हो। इससे फर्जी तरीके से दूसरे राज्यों से परमिट लेने पर रोक लगेगी। एक्सपर्ट के अनुसार नए नियमों का असर सबसे ज्यादा प्राइवेट बस ऑपरेटर्स पर होगा। क्योंकि राजस्थान में डेली ऑपरेट होने वाली 8 हजार से ज्यादा बसों का राजिस्ट्रेशन दूसरे राज्यों का है। जबकि, इनके मालिक राजस्थान के हैं। इसलिए अब इनका परमिट दूसरे राज्य से रिन्यू नहीं होगा।

**बिना टोल दिए निकलने पर भी कार्रवाई :** नए नियमों में टोल को लेकर भी सख्ती की गई है। अगर कोई वाहन नेशनल हाईवे से गुजरता है और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम में उसकी एंट्री दर्ज है, लेकिन टोल का भुगतान नहीं किया गया है तो उसे बकाया माना जाएगा। ऐसे मामलों में परमिट जारी या रिन्यू करने में दिक्कत आ सकती है।

**परमिट से पहले दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच :** अब परमिट के लिए आवेदन करने पर वाहन के सभी दस्तावेजों की जांच ऑनलाइन होगी। इसमें बीमा, फिटनेस, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट और टैक्स की स्थिति देखी जाएगी। अगर कोई भी दस्तावेज अधूरा या एक्सपायर मिला तो परमिट नहीं मिलेगा। अगर वाहन पर 45 दिन से ज्यादा पुराना चालान बकाया है, तो उसे पहले निपटाना जरूरी होगा। जब तक चालान क्लियर नहीं होगा या उसका जवाब पोर्टल पर नहीं दिया जाएगा, तब तक परमिट से जुड़ी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी।

**यात्रियों की लिस्ट और रूट साथ रखना जरूरी:** टूरिस्ट वाहन ऑपरेटर को अब यात्रियों की पूरी लिस्ट और यात्रा का रूट हर समय साथ रखना होगा। इसमें शुरूआत, डेस्टिनेशन और बीच में आने वाले राज्यों की जानकारी शामिल होगी। बिना लिस्ट के सवारी बैठाने या रास्ते से पैसेंजर्स लेने पर कार्रवाई हो सकती है। सरकार ने कहा- टूरिस्ट परमिट वाले वाहन को बस सर्विस की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। यानी रास्ते में सवारी उठाना-उतारना नियमों के खिलाफ होगा।

**जानें- फिलहाल किसे मिलेगी छूट :** ये नियम केवल उन वाहनों पर लागू होंगे, जिन्हें 1 अप्रैल के बाद नया परमिट मिलेगा या जिनका परमिट इस तारीख के बाद रिन्यू होगा।यानी जिन वाहनों का परमिट पहले से वैध है। वे अपनी अवधि पूरी होने तक पुराने नियमों के तहत ही चल सकेंगे। लेकिन जैसे ही उनका परमिट रिन्यू कराया जाएगा, उन्हें नए नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। सरकार ने राज्यों को भी निर्देश दिए हैं कि वे 1 अप्रैल से इन संशोधित नियमों को लागू करें, ताकि धीरे-धीरे सभी टूरिस्ट वाहन नए सिस्टम के दायरे में आ जाएं।

# 30 हजार फीट पर फ्लाइट में हंगामा, IPS ने किया कंट्रोल

तीन युवक नशे में चिल्लाने लगे- प्लेन क्रैश होने वाला है...

**लोक टुडे। जयपुर**



8 मार्च की रात गुवाहाटी से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट में तीन युवकों ने खूब हंगामा किया। इन्हें राजस्थान कैडर के IPS ने काबू किया। हवा में 30 हजार फीट की ऊंचाई पर मौत का खौफ और सिरफिरे उपद्रवियों का तांडव... यह किसी फिल्म का सीन नहीं, बल्कि इंडिगो की गुवाहाटी-दिल्ली फ्लाइट में घटी वो हकीकत है जिसने यात्रियों की सांसें अटका दी थीं। घटना 8 मार्च की है। रात के करीब 8:30 बजे थे। इंडिगो की फ्लाइट ने गुवाहाटी से दिल्ली के लिए उड़ान भरी ही थी। तभी फ्लाइट में सवार तीन युवकों ने अचानक चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया- प्लेन क्रैश होने वाला है। इस अफवाह ने पूरे केबिन में दहशत फैला दी। सफर कर रहे बच्चे-महिलाएं डर के मारे रोने लगीं। जब एयर होस्टेस और क्रू मेंबर्स ने इन उपद्रवियों को समझाने की कोशिश की, तो वे उनसे भी उलझ गए। राजस्थान कैडर के क्दर पंकज चौधरी भी उसी फ्लाइट में सफर कर रहे थे। हंगामा बढ़ता देख पंकज चौधरी आरोपियों के पास पहुंचे। उन्होंने न केवल उपद्रवी युवकों को कंट्रोल किया, बल्कि फ्लाइट लैंड होते ही CISF बुलाकर उनके हवाले किया।

**इंडिगो ने घटना को लेकर माफी मांगी :** पंकज चौधरी ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने मोबाइल पर इंडिगो के अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए कहा। इंडिगो की अधिकारी निर्मिता भट्टाचार्य ने घटना के बाद मेल पर बताया कि वह इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। वहीं तीनों युवकों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

# 11 साल के बेटे के साथ महिला गायब

**लोक टुडे। सीकर**

सीकर जिले में 36 साल की महिला के लापता होने का मामला सामने आया है। महिला अपने 11 साल के बेटे को लेकर सुबह के समय घर से बिना बताए कहीं पर चली गई। परिवार ने काफी तलाश की, लेकिन महिला और उसके बेटे का कुछ पता नहीं चल पाया। इस संबंध में महिला के पति ने पुलिस में रिपोर्ट देकर बताया कि वह अपनी पत्नी और परिवार के साथ गांव में रहते हैं। 23 मार्च की सुबह करीब 11 बजे से उनकी पत्नी और बेटा दोनों कहीं पर नहीं दिखे। करीब 2 से 3 घंटे तक परिवार ने सोचा कि दोनों खेत या अन्य किसी जगह पर गए होंगे। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी दोनों वापस नहीं लौटे। जब महिला के मोबाइल नंबर पर कॉल किया गया तो वह भी लगातार स्विच ऑफ आ रहा था। लोगों ने गांव और आस-पड़ोस में भी काफी तलाश की लेकिन महिला और उसके बेटे का कुछ भी पता नहीं चल पाया।

# कॉन्ट्रैक्टर ने मिट्टी हटाने के विवाद में गोली मारी, जीजा-साला गिरफ्तार

**लोक टुडे। भरतपुर**

भरतपुर के मथुरा गेट थाना इलाके में घर सामने से मिट्टी हटाने की बात पर कॉन्ट्रैक्टर ने मजदूर को गोली मार दी। वहीं लाठियों से मारपीट में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने पुलिस ने दो आरोपियों (जीजा-साला) को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें आरोपी बीच सड़क पर पिटते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटना मंगलवार रात करीब 12 बजे जवाहर नगर के भगत सिंह चौराहे के पास हुई। मथुरा गेट थाना SHO ने बताया- भगत सिंह चौराहे के पास सीवरेज का काम चल रहा था। मजदूरों ने खुदाई की मिट्टी सड़क पर डाल रखी थी। पास में रहने वाले प्लॉट मालिक पुष्पेंद्र कुमार उर्फ पीके ने देर रात मजदूरों से मिट्टी हटाने को कहा, लेकिन मजदूरों ने रात में काम संभव नहीं होने की बात कही। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया।

**फायरिंग और मारपीट में 4 मजदूर घायल :** थानाधिकारी हरलाल के अनुसार रात करीब 12 बजे झगड़े की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि कॉन्ट्रैक्टर पुष्पेंद्र और उसके साथियों ने मजदूरों के साथ मारपीट की और फायरिंग भी की। इस दौरान सतीश नामक मजदूर के हाथ में गोली लगी, जबकि अन्य तीन मजदूरों को भी गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों का हॉस्पिटल में इलाज जारी है।

**दो आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी :** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी पुष्पेंद्र कुमार और उसके साले बिरजू को हिरासत में ले लिया है। सतीश के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं, घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# शहीद हेमू कालाणी के जन्म दिवस पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**लोक टुडे। सूरतगढ़**

युवाओं के प्रेरणा स्रोत अमर शहीद हेमू कालाणी के जन्मदिवस पर झूलेलाल सेवा समिति व पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा मनाया गया। शहीद हेमू कालाणी के 103 वे जन्म दिवस पर बीकानेर रोड गुरुद्वारे के पास हेमू कालाणी मार्ग पर स्थित प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा पुराना हाउसिंग बोर्ड रोड स्थित हेमू कालाणी चौक पर पूजा अर्चना के बाद मिठाई वितरण की गई। कार्यक्रम में बाबो साहेब मनोहर लाल लोकवाणी ने पूजा अर्चना करवाई, सिंधी समाज के नागरिकों ने अध्यक्ष धर्मचंद सिंधी की अगुवाई में शाहिद के जन्मदिन पर खुशी प्रकट करते हुए एक दूसरे को मिठाइ खिलाई। अध्यक्ष धर्मदास ने कहा कि शहीद



कालाणी युवाओं के प्रेरणास्रोत है, उनकी जयंती पर सिंधी समाज उन्हें नमन करता है और उनका बलिदान युवाओं को हमेशा देशभक्ति की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने राष्ट्रगीत के बाद शहीद हेमू कालाणी अमर रहे, भारत माता की जय के नारे लगाए। सरक्षक रमेश आसवानी ने शाहिद कॉलोनी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते शहीद कालाणी को मात्र 19 साल की उम्र में देश के लिए शहीद होने वाले कालाणी को महान सपूत बताया। उन्होंने कहा कि कालाणी ने ब्रिटिश सेना की एक ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश की,इस प्रयास के दौरान वे अंग्रेजों के हाथों गिरफ्तार हो गए। 21 जनवरी 1943 को मात्र 19 वर्ष की आयु में उन्हें फांसी दे दी गई। कार्यक्रम में डॉक्टर अर्जुन शेवकानी,जगदीश पेशवानी, लीलाराम रोघानी,जगदीश आसवानी,चंद्र प्रकाश, गोविंद टेकवानी, रोहित चन्दवानी,रवि शेवकानी, राजकुमार लोकवाणी, अश्विनी आसवानी, सेवादारी अनुपानी, सहित समाज के वरिष्ठ जन व युवा साथी शामिल हुए।

# श्रीगंगानगर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**लोक टुडे। श्रीगंगानगर**



श्रीगंगानगर कोर्ट कैंपस को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। कोलकाता के एक गलत एड्रेस से डाक के जरिए भेजे गए अज्ञात पत्र में कोर्ट को उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। बुधवार सुबह बीकानेर से बम निरोधक दस्ता कोर्ट पहुंच गया और पूरे परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई। एसपी समेत पुलिस जाब्ता भी मौके पर पहुंचा। डॉग स्क्वाड और बम निरोधक टीम ने कोर्ट के चप्पे-चप्पे की गहन तलाशी ली। सी और डी ब्लॉक के चैंबर, न्यायिक अधिकारियों के कक्ष समेत पूरे परिसर की जांच की गई। बम निरोधक दस्ते की क्लियरेंस मिलने के बाद ही कोर्ट में कामकाज शुरू हो पाया। पत्र भेजने वाले का पता लगाने के लिए सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। कोलकाता के एड्रेस का इस्तेमाल कर भेजे गए धमकी भरे पत्र की ट्रेसिंग के लिए साइबर सेल और पोस्टल विभाग की मदद ली जा रही है।

## 14.88 किलो डोडाचूरा के साथ सप्लायर अरेस्ट

**लोक टुडे। जयपुर**

सीकर की गोकुलपुरा थाना पुलिस ने NDPS एक्ट के तहत कार्रवाई कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के पास से पुलिस ने 14.88 किलो डोडा चूरा जब्त किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मुख्य तस्कर की तलाश में जुटी है। दरअसल, 24 मार्च की रात को गोकुलपुरा थाना SHO RPS विजयपाल यादव (ट्रेनी) अपनी टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर खेतों की तरफ भागने लगा। मामला संदिग्ध लगता देख पुलिस ने युवक का पीछा किया। कुछ दूरी पर पुलिस ने आरोपी नितेश कुमार पुत्र रामप्रसाद मेघवाल निवासी तेतरा को पकड़ लिया। जब उसके बैग की तलाशी ली गई तो उसके पास से करीब 14.88 किलो डोडा चूरा मिला। आरोपी के पास से पुलिस को दो मोबाइल भी मिले हैं।

PK टाइम्स
www.pktimesnews.com

दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com

जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार

जयपुर, गुरुवार, 26 मार्च, 2026



# जैसलमेर में दुर्लभ बिल्ली पर स्टडी कर रहा वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट

## कैरेकल पर लगे कैमरे में कैद हुआ कुनबा; ग्रामीणों को समझा रहे इसे मारना अपराध

**लोक टुडे । जयपुर**

जैसलमेर में वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (WII) दुर्लभ कैरेकल बिल्ली पर स्टडी कर रहा है। वहीं इलाके के घोटारू में कैरेकल पर लगे रेडियो कॉलर के कैमरे में उसका कुनबा कैद हुआ है। वन विभाग ने 7 दिन पहले कैरेकल पर रेडियो कॉलर और मोशन सेंसिंग कैमरा लगाया था। इसके बाद विभाग के पास अब जैसलमेर में आधिकारिक तौर पर 3 कैरेकल होने की पुष्टि हुई है। कैरेकल दुनिया में विलुप्त होने की कगार पर हैं। इससे पहले जैसलमेर में ही 2 युवकों ने कैरेकल को मार जला दिया था। वन-विभाग अब लगातार इन्हें बचाने की कोशिश में जुटा है। लोगों को समझाया जा रहा है कि इसे मारना कितना बड़ा अपराध है।



**कैरेकल पर स्टडी कर रहे :** मुख्य वन संरक्षक (CCF) जोधपुर, अनूप के आर ने बताया- जैसलमेर वन विभाग के डीएफओ देवेंद्र सिंह भाटी की टीम इन सेंसिंग कैमरा ट्रैप के जरिए कैरेकल के कुनबे पर नजर रख रही है। इसके साथ ही, वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (WII) की टीम भी थार के रेगिस्तान में कैरेकल के व्यवहार, उनके शिकार के पैटर्न और मूवमेंट पर स्टडी कर रही है। रेडियो कॉलर लगे कैरेकल के डेटा से यह समझने की कोशिश की जा रही है कि यह दुर्लभ जीव रेगिस्तानी परिस्थितियों में खुद को कैसे ढाल रहा है।

**लोगों को समझा रहे- इसे मारना बहुत बड़ा अपराध :** इसके साथ ही, वन विभाग टोलियां बना कर जैसलमेर गांव-गांव में कैरेकल को लेकर जागरूकता अभियान भी चला रहा है। ग्रामीणों को समझाया जा रहा है कि कैराकल पारिस्थितिकी तंत्र के लिए कितना महत्वपूर्ण है और इसका शिकार करना कितना बड़ा अपराध है।

## कई रास्तों पर रहेगा ट्रैफिक डायवर्ट, झांकियां रहेगी आकर्षण का केंद्र

# रामनवमी पर आज शहर में निकलेगी दो बड़ी शोभायात्राएं

**लोक टुडे । जयपुर**

रामनवमी के मौके पर गुरुवार को शहर में अलग-अलग इलाकों से भव्य शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। प्रमुख रूप से सूरजपोल अनाज मंडी और जैकब रोड से निकलने वाली यात्राओं को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दोनों ही शोभायात्राओं में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है, जिसे देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। शहर के परकोटे सहित कई प्रमुख बाजारों और मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया जाएगा, ताकि व्यवस्था बनी रहे और किसी तरह की अव्यवस्था न हो।



**सूरजपोल से चांदपोल तक निकलेगी शोभायात्रा, कई बाजारों में डायवर्जन :** श्री रामकृष्ण जयंती महोत्सव समिति ट्रस्ट की ओर से गुरुवार शाम 4 बजे सूरजपोल अनाज मंडी से शोभायात्रा रवाना होगी, जो चांदपोल स्थित श्रीराम मंदिर तक जाएगी। यह यात्रा सूरजपोल गेट, रामगंज चौपड़, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, बापू बाजार, न्यू गेट, चौड़ा रास्ता और त्रिपोलिया बाजार होते हुए चांदपोल पहुंचेगी।

**35 झांकियां और सुसज्जित लवाजमा रहेगा आकर्षण :** इस शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के स्वरूपों की सजीव झांकियां प्रमुख आकर्षण होंगी। कुल 35 झांकियों में रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। यात्रा में 5 हाथी, 8 ऊंट और 8 घोड़े सुसज्जित रूप में शामिल होंगे। इसके साथ ही कई बैंड अपनी प्रस्तुति देंगे। झांकियों में जेके लोन गणेशजी का रथ, हरिसिंहजी भोमियाजी, वीर हनुमानजी, जीण माता, वैष्णो देवी, नीली हवेली वाले हनुमानजी, मुरली मनोहरजी मंदिर और चिंताहरण हनुमानजी सहित कई धार्मिक स्वरूप शामिल रहेंगे। इसके अलावा विद्युत झांकियां भी आकर्षण रहेंगी, जिनमें गणेशजी का तबला वादन, शिवजी की हथेली पर नृत्य, हनुमानजी की शिव आरती और रामजी का पालने में झूलना जैसे दृश्य प्रस्तुत किए जाएंगे। शोभायात्रा के दौरान अलग-अलग स्थानों पर स्वागत मंच बनाए जाएंगे, जहां आरती होगी। रात करीब 10:30 बजे चांदपोल स्थित श्रीरामचंद्रजी मंदिर में महाआरती के साथ समापन होगा।

**जैकब रोड से श्याम नगर तक दूसरी शोभायात्रा :** दूसरी शोभायात्रा प्राचीन शिव हनुमान मंदिर, जैकब रोड से शुरू होकर हसनपुरा, हटवाड़ा रोड, अजमेर रोड, न्यू सांगानेर रोड और रामपथ मार्ग होते हुए प्रियदर्शनी मार्ग स्थित हरिहर मंदिर, श्याम नगर पहुंचेगी। यहां महाआरती के साथ इसका समापन होगा। यात्रा के शुभारंभ पर आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जो पूरे मार्ग में साथ रहेंगी। अखाड़ों के प्रदर्शन, साधु-संतों का सम्मान और उनके उद्बोधन भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगे। शोभायात्रा में शामिल सभी लोगों को आई कार्ड दिए गए हैं, जिन पर नाम दर्ज रहेगा ताकि व्यवस्था बनी रहे।

**मुस्लिम समाज करेगा स्वागत, नासिक ढोल रहेगा खास :** इस शोभायात्रा में सामाजिक सौहार्द की भी मिसाल देखने को मिलेगी। हसनपुरा क्षेत्र में मुस्लिम समाज के लोग शोभायात्रा का स्वागत करेंगे। वहीं 20 कलाकारों की टीम नासिक ढोल की प्रस्तुति देगी, जो आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके अलावा शोभायात्रा में रामदरबार, वाल्मीकि, भारत माता, शिवाजी, महाराणा प्रताप, पंच प्यारे, हनुमानजी और राधा-कृष्ण की सजीव झांकियां भी शामिल होंगी। रथों पर सजी झांकियां और तीन डीजे भी यात्रा में शामिल रहेंगे। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि शोभायात्रा के दौरान भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

# अजमेर के जंगल में बच्चों को मिली खोपड़ी

**लोक टुडे । अजमेर**



अजमेर के रामगंज थाना क्षेत्र स्थित पहाड़गंज इलाके के जंगल में एक मानव खोपड़ी मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मंगलवार को शाम करीब 6 बजे बच्चों को पहाड़ी पर खोपड़ी दिखाई दी। बच्चों ने खोपड़ी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। इसके बाद यह मामला सामने आया। सूचना मिलने पर रामगंज थाना पुलिस रात करीब 11 बजे मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने खोपड़ी को कब्जे में लेकर उसे जेएलएन अस्पताल की मॉर्चरी में रखवा दिया है। रामगंज थाने के एएसआई भगवान सिंह के अनुसार खोपड़ी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि क्षेत्रवासियों ने करीब 6 महीने पहले भी इस खोपड़ी को देखा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि संभवतया इसका उपयोग तांत्रिक क्रियाओं में किया जा रहा था। फिलहाल पुलिस आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदगी के मामलों और अन्य पहलुओं की जांच कर रही है, ताकि खोपड़ी की पहचान और उससे जुड़े तथ्यों का पता लगाया जा सके।




# मलाइका अरोड़ा ने किया शोरूम का उद्घाटन, बोलीं- साड़ी दुनिया की सबसे सुंदर ड्रेस

**लोक टुडे । जयपुर**

बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा बुधवार को जयपुर आईं। मलाइका ने पृथ्वीराज रोड स्थित एक शोरूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शोरूम में डिजाइनर फैशन कलेक्शन को प्रदर्शित किया गया, जिसमें साड़ियां, लहंगे, कॉकटेल ड्रेस, कैजुअल परिधान और समर आउटफिट्स देखने को मिले। इस अवसर पर अरोड़ा ने यहां के कलेक्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां हर प्रकार के परिधान एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं, जो खासतौर पर दुल्हनों और फैशन प्रेमियों के लिए बहुत ही सुविधाजनक हैं। उन्होंने कहा कि शादी की तैयारियों के दौरान अगर किसी को एक ही जगह साड़ी से लेकर लहंगा, कॉकटेल ड्रेस और संगीत समारोह के परिधान मिल जाएं तो यह शादी वाले परिवार के लिए काफी आसान होता है।



**साड़ी सबसे सुंदर परिधानों में से एक :** मलाइका अरोड़ा ने इस अवसर पर सूरज तनेजा की ओर से तैयार की गई साड़ी पहनी थी। उन्होंने कहा कि उन्हें साड़ी का रंग और डिजाइन बहुत पसंद आया। उन्होंने भारतीय साड़ी की विविधता की भी सराहना की। कहा कि भारत में पटोला, बनारसी सहित कई तरह की पारंपरिक साड़ियां उपलब्ध हैं और साड़ी दुनिया के सबसे सुंदर परिधानों में से एक है। हेरिटेज ज्वेलरी और भारतीय कारीगरी के बारे में उन्होंने कहा कि देश के कारीगर बेहद बारीकी और उत्कृष्टता के साथ काम करते हैं। चाहे वह कपड़ों की कढ़ाई हो या आभूषणों का निर्माण, भारतीय शिल्पकला अपनी खूबसूरती और बारीकी के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है।

**राजस्थान पसंदीदा राज्य :** राजस्थान के प्रति अपने लगाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान उनका पसंदीदा राज्य है और यहां की संस्कृति, परंपरा और कला उन्हें हमेशा आकर्षित करती है। इस अवसर पर शोरूम निदेशक ध्रुव तनेजा ने बताया कि यह उनका पहला स्टोर है और इसके माध्यम से वे जयपुर को एक ऐसा फैशन डेस्टिनेशन देना चाहते हैं, जो राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख डिजाइनर स्टोर्स की तरह हो। उन्होंने कहा कि शोरूम में साड़ी, लहंगा, कैजुअल परिधान, लिनेन और समर आउटफिट्स सहित महिलाओं के लिए फैशन की पूरी श्रृंखला उपलब्ध है।

**यहां विभिन्न श्रेणियों के परिधान उपलब्ध :** उन्होंने बताया कि यहां पांच लाख रुपए तक की विभिन्न श्रेणियों के परिधान उपलब्ध हैं, ताकि हर वर्ग के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा किया जा सके। साथ ही उनकी वेबसाइट के माध्यम से दुनिया के करीब नब्बे देशों में उत्पादों की आपूर्ति भी की जा रही है। इसे वन स्टॉप फैशन डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, जहां महिलाओं को फैशन से जुड़ी हर जरूरत का समाधान एक ही स्थान पर मिल सके। उद्घाटन के दौरान फैशन और सामाजिक जगत से जुड़े कई लोग भी मौजूद रहे।

PK टाइम्स
www.pktimesnews.com
दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com

जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार
जयपुर, गुरुवार, 26 मार्च, 2026

## राजस्थान से उत्तर प्रदेश-बिहार-गुजरात-महाराष्ट्र रूट पर बढ़ेगी कनेक्टिविटी, लंबी वेटिंग से मिलेगी राहत

# गर्मी की छुट्टियों के लिए रेलवे चलाएगा स्पेशल ट्रेनें

**लोक टुडे। जयपुर**

अगले महीने से गर्मी की छुट्टियां शुरू होने के साथ ही ट्रेनों में यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। राजस्थान से बाहर जाने वाले रूट पर पहले से ही लंबी वेटिंग चल रही है, जिससे यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलने में परेशानी हो रही है। इस स्थिति को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने ज्यादा डिमांड वाले रूट पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू करने का फैसला लिया है, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके और सफर आसान हो। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि अप्रैल से जून के बीच इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है, जिससे कन्फर्म टिकट मिलने की संभावना बढ़ेगी। ये ट्रेनें खासतौर पर उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे व्यस्त रूट पर चलाई जा रही हैं।



**श्रीगंगानगर-समस्तीपुर स्पेशल का संचालन बढ़ा, समय में भी बदलाव :** गर्मी की छुट्टियों के दौरान श्रीगंगानगर-समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल (04731/04732) ट्रेन के संचालन में विस्तार किया गया है। यह ट्रेन श्रीगंगानगर से 5 अप्रैल से 12 अप्रैल तक 2 ट्रिप और 19 अप्रैल से 28 जून तक 11 ट्रिप चलेगी। वहीं समस्तीपुर से यह ट्रेन 7 अप्रैल से 14 अप्रैल तक 2 ट्रिप और 21 अप्रैल से 30 जून तक 11 ट्रिप चलाई जाएगी। इस रूट पर सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर स्टेशनों पर ट्रेन के समय में आंशिक बदलाव किया गया है, ताकि संचालन को बेहतर बनाया जा सके।

**10 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का संचालन बढ़ाया :** रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 10 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की अवधि भी बढ़ाई है। इसमें हिसार-खडकी, अजमेर-बांद्रा टर्मिनस, अजमेर-दौंड, बीकानेर-साईनगर शिर्डी, हिसार-वलसाड, भगत की कोठी-बांद्रा, अजमेर-सोलापुर, जयपुर-बांद्रा टर्मिनस, मदार-रोहतक और उदयपुर सिटी-योगनगरी ऋषिकेश रूट शामिल हैं। इन ट्रेनों को अप्रैल से जुलाई के बीच अलग-अलग तारीखों पर 2 से 14 ट्रिप तक चलाया जाएगा। रेलवे के अनुसार इन सभी ट्रेनों का ठहराव और संचालन समय पहले जैसा ही रहेगा।

**लालकुआं-राजकोट स्पेशल (05045) :** गर्मी की छुट्टियों में खास तौर पर लालकुआं-राजकोट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (05045) भी चलाई जा रही है, जो कुल 4 ट्रिप करेगी। यह ट्रेन 5 अप्रैल से 26 अप्रैल तक हर रविवार को लालकुआं से दोपहर 12:35 बजे रवाना होगी। सोमवार को रात 12:35 बजे जयपुर पहुंचेगी, 10 मिनट रुकने के बाद 00:45 बजे रवाना होकर शाम 6:10 बजे राजकोट पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन 6 अप्रैल से 27 अप्रैल तक हर सोमवार को रात 10:30 बजे राजकोट से रवाना होगी। मंगलवार को शाम 4:25 बजे जयपुर पहुंचेगी, 10 मिनट रुककर 4:35 बजे रवाना होगी और बुधवार सुबह 5:15 बजे लालकुआं पहुंचेगी।

**जयपुर समेत कई स्टेशनों पर होगा ठहराव**

यह ट्रेन रास्ते में किच्छा, बहेड़ी, इज्जतनगर, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, बदायूं, उझानी, सोरों शूकर, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा कैंट, मथुरा जंक्शन, भरतपुर, दौसा, जयपुर, फुलेरा, नावा सिटी, कुचामन सिटी, मकराना, डेगाना, मेड़ता रोड, गोटन, जोधपुर, लूणी, समदड़ी, मोकलसर, जालौर, मोदरान, मारवाड़ भीनमाल, रानीवाड़ा, धनेरा, भीलड़ी, पाटन, महेसाना, विरमगाम, सुरेंद्रनगर और वांकानेर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए 1 सेकंड एसी, 2 थर्ड एसी, 11 स्लीपर, 4 जनरल और 2 गार्ड कोच सहित कुल 20 कोच लगाए गए हैं।

**यात्रियों को मिलेगा सीधा फायदा :** इन स्पेशल ट्रेनों के संचालन और विस्तार से राजस्थान से बाहर जाने वाले यात्रियों को सीधा फायदा मिलेगा। खासकर गर्मी की छुट्टियों में घर जाने वाले लोगों और पर्यटकों को कन्फर्म टिकट मिलने में राहत मिलेगी, साथ ही भीड़ का दबाव भी कम होगा।

## राउंड पर साईकिल से निकले SP



**लोक टुडे। बाड़मेर**

बाड़मेर पुलिस अधीक्षक (एसपी) चुनाराम जाट देर शाम शहर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए राउंड पर निकले। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन और कानून-व्यवस्था की स्थिति का निरीक्षण किया। खास बात यह रही कि पहली बार एसपी चुनाराम जाट अधिकारियों के साथ साइकिल पर शहर का दौरा करते नजर आए। उनके इस अनोखे अंदाज को लोगों ने सराहा और पुलिस की सक्रियता का सकारात्मक संदेश गया। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए और शहर में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश आर्य, शहर कोतवाल मनोज कुमार परिहार साथ रहे है।

## आयोजक स्कूलों को अब मिलेंगे एक लाख रुपए

**लोक टुडे। बीकानेर**

राजस्थान सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य स्तरीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए बजट में वृद्धि कर दी है। वर्ष 2026-27 के बजट में अब आयोजक स्कूलों को 50 हजार रुपए की जगह 1 लाख रुपए मिलेंगे। हालांकि आयोजकों का कहना है कि भुगतान प्रणाली में सुधार किए बिना बढ़ी राशि पर्याप्त नहीं है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को स्टेट टुनामेंट आयोजित करने पर मिलने वाली राशि बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दी गई है। यह निर्णय प्रतियोगिताओं के बेहतर आयोजन और व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। विभाग का कहना है कि बढ़ती महंगाई और आयोजन खर्च को देखते हुए यह वृद्धि आवश्यक थी।

**भुगतान प्रणाली में असंतोष :** बीकानेर प्राइवेट स्कूल क्लब के अध्यक्ष मनोज व्यास का कहना है कि वर्तमान में एक ही खेल के अलग-अलग आयु वर्गों को एक ही गेम मानकर भुगतान किया जाता है। उदाहरण के लिए, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग की गर्ल्स और बॉयज प्रतियोगिताएं एक ही स्कूल में होने पर भी केवल एक गेम के हिसाब से भुगतान किया जाता है। जबकि इस स्थिति में खिलाड़ियों की संख्या लगभग चार गुना हो जाती है। आयोजकों का कहना है कि प्रत्येक आयु वर्ग और छात्र-छात्रा वर्ग को अलग-अलग इवेंट मानकर भुगतान किया जाना चाहिए, ताकि वास्तविक खर्च के अनुसार राशि मिले।

**लंबे समय तक चलने वाले खेलों के लिए अलग व्यवस्था जरूरी**

आयोजकों ने यह भी सुझाव दिया है कि जिन खेलों में खिलाड़ी अंतिम दौर तक प्रतियोगिता स्थल पर रुकते हैं, उनके लिए अधिक भुगतान किया जाना चाहिए। वर्तमान में सभी खेलों के लिए समान भुगतान व्यवस्था होने के कारण असमानता बनी रहती है। उनका तर्क है कि कुछ खेल नॉकआउट आधार पर जल्दी समाप्त हो जाते हैं, जबकि कुछ कई दिनों तक चलते हैं

## थाईलैंड की महिला पकड़ी

**लोक टुडे। जयपुर**

राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत अजमेर जिले के पुष्कर में बड़ी कार्रवाई की गई है। सीआईडी जोन अजमेर ने ओवरस्टे कर रही एक थाईलैंड की महिला को शरण देने के मामले में होटल प्रबंधक और विदेशी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। सीआईडी एडिशनल एसपी राजेश मीणा के अनुसार, पुष्कर स्थित द मस्कमेलन होटल एंड रिजॉर्ट में ठहरी थी।

## शराब तस्करी के खिलाफ आबकारी विभाग की कई जिलों में कार्यवाई

**लोक टुडे। जयपुर**

आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निदेशानुसार प्रदेश में अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी निरोधक दलों द्वारा गश्त, नाकाबंदी एवं दबिश की कार्रवाई करते हुए हजारों लीटर वॉश, भट्टियां नष्ट करते हुए अवैध मदिरा को जब्त किया गया। आबकारी आयुक्त नकाते के निदेशानुसार अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन अनिल कुमार शर्मा के सुपरविजन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।



हनुमानगढ़ जिले में आबकारी थाना हनुमानगढ़ एवं संगरिया ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पन्नीवाली, फतेहपुर, अमरपुरा थेड़ी में 1200 लीटर वॉश नष्ट किया। चुरू में आबकारी निरोधक दल ने 82 पव्वे देशी मदिरा एवं 12 लीटर अवैध हथकड़ शराब जब्त की। नागौर के परबतसर में पड़त दुकानों के क्षेत्र में दबिश की कार्रवाई कर 500 लीटर वॉश नष्ट करते हुए 10 लीटर हथकड़ शराब बरामद की। मौके पर 2 अभियोग दर्ज किए।

## संसदीय कार्य मंत्री ने मुख्यमंत्री जन आवास योजना के 38 आवंटियों को सौंपी आवास की चाबी

**लोक टुडे। जोधपुर**

मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत गृह गौरव खुशियों की चाबी कार्यक्रम बुधवार को जोधपुर विकास प्राधिकरण के प्रांगण में संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 38 आवंटियों को आवास की चाबी सौंपी गई। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के विजन के अनुरूप डबल इंजन की सरकार प्रत्येक छत विहीन परिवार को पक्का घर उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा राजस्थान में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत नवीन 48 हजार आवास स्वीकृत किए गए हैं। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत दो वर्षों में 7.16 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं।




**अपना घर हर व्यक्ति का सपना :** विधि मंत्री ने कहा अपना घर होना हर व्यक्ति का सबसे बड़ा सपना होता है। मुख्यमंत्री जन आवास योजना के माध्यम से हम न केवल ईंट-पत्थर का मकान दे रहे हैं, बल्कि सम्मानजनक जीवन जीने का आधार प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा ग्राम बड़ली में निर्मित यह प्रोजेक्ट आधुनिक शहरी सुविधाओं से युक्त है, जहाँ निवासियों को गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया गया है। पटेल ने कहा जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित इस योजना में सड़क, बिजली, पानी और सार्वजनिक पार्क जैसी समस्त मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने आवंटियों को बधाई देते हुए उनके सुखद भविष्य की मंगलकामना की।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रिक, प्रकाशन, संपादक - नीरज मेहरा द्वारा बोनस ग्राफिक्स, लक्ष्मी नगर, हटवाड़ा मार्ग, अजमेर रोड, जयपुर - 302006 से मुद्रिक एवं 141, दयानन्द नगर, फेज प्रथम झेलना डूंगरी गली नंबर 19, थाना गांधी नगर, जयपुर (राज.) प्रकाशित प्रबंध संपादक - पी.के.बृजवाल, 9950325930, 9571635930 (कानूनी सलाहकार एडवोकेट कैलाशनाथ भट्ट)